उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018

मो0नं0 : 7607355882

ई–मेल–registrar@hmbup.in

पत्रांक–1351/एच0एम0बी0/2024 दिनांक 29/01/2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त डी0एच0पी0 कालेज,
उत्तर प्रदेश।

द्वारा बोर्ड वेबसाइट

विषयः- **सत्र 2023-24 में अध्ययनरत् छात्रों की माह नवम्बर, दिसम्बर, 2023 एवं जनवरी, 2024 की बॉयोमेट्रिक अटेण्डेन्स शीट तथा बॉयोमेट्रिक मशीन का लिंक व आई0पी0 एड्रेस उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि नियंत्रक, महोदय के निर्देश के क्रम में सत्र 2023-25 प्रथम वर्ष में पाठ्यक्रम संचालन हेतु एफिलियेटेड संस्थाओं से बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या-1347/एच0एम0बी0/2024, दिनांक 24.01.2024 द्वारा डी0एच0पी0 कालेज में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों की बॉयोमेट्रिक मशीन द्वारा उपस्थिति की नम्बर, दिसम्बर, 2023 एवं जनवरी, 2024 की बॉयोमेट्रिक अटेण्डेन्स शीट उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु कतिपय संस्थाओं के अतिरिक्त अधिकांश संस्थाओं द्वारा उक्त विवरण बोर्ड कार्यालय को अद्यतन नही प्रेषित किया गया है जो कि अत्यन्त खेद का विषय है। **बायोमेट्रिक अटेण्डेन्स सीट के आभाव में उक्त अवधि में अध्ययनरत छात्रों का नामांकन जारी करने आदि विषयों पर अग्रिम कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं हो पा रही है।**

इसी क्रम में डी0एच0पी0 कालेज की बॉयोमेट्रिक मशीन को वेबसाइट के ऑनलाइन डी0एच0पी0 पोर्टल के कालेज लॉगिन पर मैप किये जाने हेतु मशीन का लिंक एवं आई0पी0 एड्रेस की निम्नलिखित प्रारूप पर तत्काल आवश्यकता हैः-

S.No.	College Code	College Name	District	Biometric Machine Link	Biometric Machine IP Address
1	2	3	4	5	6

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि माह नम्बर, दिसम्बर, 2023 एवं जनवरी, 2024 की बॉयोमेट्रिक उपस्थिति व उपरोक्त प्रारूप पर वांछित विवरण 03 कार्य दिवस के भीतर ई-मेल एवं हार्ड कापी के माध्यम से बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण व समयबद्ध है।

भवदीय,

29/01/2024
(विनय कुमार त्रिपाठी),
रजिस्ट्रार।

पत्रांक संख्या एवं दिनांक तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि- नियंत्रक, उ0प्र0 होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेशित।

29/01/2024
(विनय कुमार त्रिपाठी),
रजिस्ट्रार।